SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- 10 (TERM- 2)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON- 10 दीनबंधु एंड्रयूज ,
व्याकरण – विलोम शब्द

प्रश्न -१) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए |

१) अचानक - एकाएक
२) दृष्टी - नज़र
३) टहनी - शाखा
४) घोंसला - चिड़िया का घर
५) प्रसन्न - खुश
६) गंभीर - चिंतित
७) एहसास - महसूस
८) घटना - हादसा

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

क) घोंसला - चिड़िया का घर

वाक्य – चिड़िया के घोंसले में दो अंडे रखे हैं |

ख) प्रसन्न – खुश

वाक्य – माँ अंडे को देखकर बहुत खुश होंगी |

ग) घटना – हादसा

वाक्य – बालक के मन पर एस घटना का बड़ा प्रभाव पड़ा |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) वह खेलते – कूदता चला जा रहा था |

ख) घोंसले के बीच में एक छोटा – सा गड्ढा था |

ग) सवेरा होते ही वह जंगल की ओर दौड़ा |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) बालक किस रास्ते से चला जा रहा था?

उत्तर- बालक जंगल के रास्ते से चला जा रहा था |

ख) बालक ने किसे उठाने के लिए हाथ बढ़ाया ?

उत्तर - बालक ने अंडों को उठाने के लिए हाथ बढ़ाया |

ग) बालक सपने में क्या सुनता रहा ?

उत्तर- बालक सपने में चिड़िया के चीं – चीं करने की आवाज़ सुनता रहा |

घ) बालक को आते देखकर चिड़िया ने क्या किया ?

उत्तर- बालक को आते देखकर चिड़िया फुर्र से ऊपर उड़ गई और डाल पर जा बैठी |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) बालक ने घोंसले से अंडे क्यों उठाए ?

उत्तर- बालक ने सोचा कि अंडों को देखकर माँ प्रसन्न होंगी इसलिए उसने घोंसले से अंडे उठाए।

ख) माँ ने अंडों को देखकर बालक से क्या कहा ?

उत्तर- माँ अंडों को देखकर बहुत ही गंभीर स्वर में बोलीं कि हाय, तूने यह क्या किया।

ग) बालक बार - बार चौंककर क्यों उठ जाता था ?

उत्तर- बालक के सपने में चिड़िया आकर चीं-चीं करती रही,जिसके कारण वह चौंक - चौंककर उठता रहा।

घ) बालक के ह्रदय पर किस घटना का बड़ा प्रभाव पड़ा ?

उत्तर- बालक द्वारा अंडे घोंसले से उठाने वापिस रखने पर चिड़िया ने उन अंडों को नहीं अपनाया | एस घटना का बालक में मन पर बड़ा प्रभाव पड़ा |

ड.) बड़ा होकर बालक किस नाम से प्रसिद्ध हुआ ?

उत्तर- बड़ा होकर बालक दीनबंधु एंड्रयूज के नाम से प्रसिद्ध हुआ |

व्याकरण - विलोम शब्द

किसी शब्द का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द को विलोम शब्द कहते हैं |
जैसे – काला x गोरा , गीला x सूखा

१. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

१) भला x बुरा ५) सच x झूठ

२) ऊपर x नीचे ६) सत्य x असत्य

३) पुराना x नया ७) प्रश्न x उत्तर

४) अंदर x बाहर ८) छोटा x बड़ा